निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड
उद्यान भवन–चौबटिया, रानीखेत

05966–220260,222792 05966–221074

ई–मेल dirudyanhorti@gmail.com

पत्रांक 4298 / कोरोगेटेड बॉक्स पंजी0 / 2022–23, दिनांकःचौबटिया :24 :फरवरी 2023

अभिव्यक्ति की अभिरूचि (EoI) विज्ञप्ति की संशोधित सूचना

निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण,उत्तराखण्ड, उद्यान भवन चौबटिया रानीखेत, के कार्यालय पत्रांक 4079 कोरोगेटेड बॉक्स पंजी0 / 2022–23, दिनांक–14.02.2023 से विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में किसानों को आड़ू, प्लम, खुबानी, नाशपाती, आम, लीची, अमरूद इत्यादि फलों की पैकिंग हेतु कोरोगेटेड बॉक्स एवं सेब फलों की पैकिंग हेतु कोरोगेटेड बाक्स मय एप्पल ट्रे से लाभान्वित करने हेतु मूल उत्पादक फर्मों / कम्पनियों से अभिव्यक्ति की अभिरूचि (EoI) के माध्यम से पंजीकरण (Empanelment) हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त आवेदन दिनांक 27.02.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड, उद्यान भवन चौबटिया रानीखेत, अल्मोड़ा में जमा किये जाने थे, जिन्हें दिनांक 28.02.2023 को प्रातः 11:00 बजे विभागीय समिति द्वारा खोला जाना था।

अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथियों में परिवर्तन करते हुए पंजीकरण हेतु आवेदन दिनांक 15.03.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड, उद्यान भवन चौबटिया रानीखेत, अल्मोड़ा में जमा किये जा सकते है, जिन्हें दिनांक 16.03.2023 को प्रातः 11:00 बजे विभागीय समिति द्वारा खोला जायेगा तथा उसी दिन फर्मों / कम्पनियों के द्वारा दी गई दरों के सम्बन्ध में समिति के द्वारा मोल–भाव (Negotiation) किया जायेगा।

ई0ओ0आई की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

निदेशक
उद्यान

पत्रांक–4298 /कोरोगेटेड बॉक्स पंजी0/2022–23

प्रेषक,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण,
उद्यान भवन, चौबटिया, रानीखेत,
अल्मोड़ा।

सेवा में,

M/s FM Advertisement,
Shiv Kripa Complex,
GMS Road, Near Kamla Palace,
Dehradun, Uttarakhand,
Email- fmadvtddn@gmail.com, fmadvtg@gmail.com

दिनांकःचौबटियाः 24ःफरवरीः2023

विषय– विज्ञप्ति प्रकाशित करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत करना है कि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आड़ू, प्लम, खुबानी, नाशपाती, आम, लीची, अमरूद इत्यादि फलों की पैकिंग हेतु कोरोगेटेड बॉक्स एवं सेब फलों की पैकिंग हेतु कोरोगेटेड बाक्स मय एप्पल ट्रे से किसानों को लाभान्वित करने हेतु अभिव्यक्ति की अभिरूचि (EoI) के माध्यम से पंजीकरण हेतु फर्मों/ कम्पनियों/व्यवसाईयों से आवेदन आमन्त्रित करने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की जानी है।

अतः तीन दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों (दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, अमर उजाला) के उत्तराखण्ड़ संस्करण व एक दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र (द इण्डियन एक्सप्रेस) के दिल्ली संस्करण में 8X8 से.मी. आकार में डी.ए.वी.पी. दरों पर प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

संलग्न–संशोधित विज्ञप्ति

भवदीय

निदेशक
उद्यान

पत्रांक 4298/उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि– प्रभारी, लेखा, अनुभाग (मुख्यालय), उद्यान भवन, चौबटिया, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन का बिल प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार बिल के भुगतान की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

निदेशक
उद्यान